सार-समाचार

दो दिवसीय मीरां महोत्सव का समापन

उदयपुर, (कासं)। मीरां की कृतियों ने आध्यात्मिक साहित्य के रूप में अनुभूति को ऐसा स्वरूप प्रदान किया जिसका गहरा प्रभाव न केवल साहित्यिक गलियारा में विद्यमान है बल्कि आज भी जनमानस में समाया हुआ है। मीरां ने संवाद के सशक्त माध्यम से आध्यात्मिकता और साहित्य के साथ सामाजिक ताने बाने में चेतना जागृति का कार्य अपने भगवत प्रेम के माध्यम से किया। आज उन सभी क्षेत्रों में साक्ष्यपूर्ण कार्य और शोधों में माध्यम से मीरां के उस स्वरूप को उद्घाटित करने की आवश्यकता है जो आज भी अनछुआ रह गया है। उक्त विचार शनिवार को जनार्दन राय नागर विद्यापीठ विवि, साहित्य अकादमी, नई दिल्ली के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित दो दिवसीय मीरां महोत्सव के समापन सत्र में कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने बतौर अध्यक्षीय उद्बोधन में कही। प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि मीरां सच्चे अर्थों में सहजता का वो स्वरूप रही जिसमें निश्छलता और समर्पण का असाधारण सममिश्रण था। प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि प्रतापनगर परिसर में भव्य मीरा भवन एवं मीरा की आदमकद प्रतिमा लगाई जायेगी। भवन में मीरा से जुड़े तथ्यों को दर्शाया जायेगा जिससे युवा पीढ़ी नवीन शोध एवं प्रेरणा ले सके। मुर्ति के लिए कुलपति प्रो. सारंगदेवोत ने एक लाख रूपये देने की घोषणा की। मुख्य अतिथि पूर्व कुलाधिपति प्रो. बलवंत राय जानी ने मीरां के संवाद शैली का प्रभाव बताते हुए उनके संवाद से शास्त्र प्राकट्य की बात कही। समन्वयक प्रो. प्रदीप त्रिखा ने बताया कि महोत्सव में देश भर के विद्वान, लेखक, समीक्षकों ने भाग लिया। महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को तृतीय सत्र का आयोजन अध्यक्षता ब्रज रतन जोशी ने की जिसमें प्रो. जीवनसिंह खरकवाल ने पुरातात्विक दृष्टिकोण से मीरां बाई की भारत यात्रा के संभावित पदमार्ग की स्थिति और संभावनाओं पर शोधपत्र प्रस्तुत किया। इनके साथ ही कशमीर से आए रउफ अहमद आदिल ने मीरां और भक्त कवियत्री लल्लेश्वरी पर तुलनात्मक अध्ययन विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किए।

पेड़ से लटका मिला महिला का शव

डूंगरपुर, (निसं)। रामसागडा थाना क्षेत्र के झेलाना गांव में एक 70 साल की बुजुर्ग महिला का घर के पास पेड से शव लटका मिला। घटना को लेकर पीहर पक्ष ने आरोप लगाए। वहीं शव को डूंगरपुर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। फिलहाल पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है। रामसागडा थाने के हेड कॉनि. नारायणलाल ने बताया की झेलाना निवासी अरविंद भगोरा ने रिपोर्ट दी है। इसमें बताया कि वह और उसका छोटा भाई दोनों गुजरात में मजदूरी करते हैं। मां गुजरी और पिता वाला भगोरा घर पर रहते हैं। शुक्रवार को पिता घर पर थे,जबकि दोनों की पत्नियां जंगल में लकडिया लेने गई थी। इस दौरान मां गुजरी ने घर से 20 फीट दूर नीम के पेड से साडी का फंदा लगा लिया। इससे मां गुजरी की मौत हो गई। घटना के बाद सनसनी फैल गई और लोग इकट्ठे हो गए। वहीं शव को फंदे से नीचे उतारकर डूंगरपुर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। शनिवार सुबह माडा गांव से पीहर पक्ष के लोग भी मोर्चरी पहुंचे। पीहर पक्ष को महिला के फांसी की घटना की सूचना उन्हें काफी देर बाद मिली। जिस पर आपत्ति जताई। वहीं पुलिस ने मामले में रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। फिलहाल पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है।

जेवरात व नकदी चोरी

उदयपुर, (कासं)। डबोक थाना क्षैत्र में सूने मकान का चोर ताला तोड़ कर जेवरात व नकदी चुरा ले गए। अन्यत्र प्रतापनगर थाना क्षैत्र में मोबाइल टॉवर से चोर समान चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित प्रभूलाल पुत्र कुका डांगी निवासी दरोली ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 20 फरवरी रात में अज्ञात चोर मकान का ताला तोड़ कर सोने का बाझूबंध, कान के टॉप्स, बाली, मादलिया, चांदी की बिछुड़ियां, पायल तथा 50 हजार रूपये नकदी चुरा ले गए। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। इसी तरह प्रतापनगर थाना पुलिस ने महिपालसिंह पुत्र केसरसिंह निवासी सरकारी स्कूल के पास बेडवास हाल एटीएस एवर कंपनी टावर टेक्सीसन मादड़ी ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि यूनिवर्सीटी के पीछे कंपनी का मोबाईल टावर लगा है। जहां से अज्ञात चोर सीएन, एसएफपी, आरआरयू, रेडियों, पावर कनेक्टर, जंपर चुरा लेगए। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

अवैध गांजा जब्त, एक गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। खेरवाड़ा थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध अवैध गांजा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजीव राहर के सुपरविजन में बावलवाड़ा थानाधिकारी गणपतसिंह, खेरवाड़ा थानाधिकारी आईसी दिग्विजयसिंह एएसआई के नेतृत्व में गठित दल ने महूदरा रोड़ से आरोपी बावलीया मुबारक भाई पुत्र अबुभाई निवासी धोली पोल बढवन सिटी बस स्टेण्ड के पास बढवन सुरेन्द्र नगर गुजरात के कब्जे से 980 ठाम अवैध गांजा जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया।

मंदिर से कलश चोरी

उदयपुर, (कासं)। शहर के प्रतापनगर थाना क्षैत्र में स्थित मंदिर का अज्ञात चोर कलश चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतापनगर थाना क्षैत्र कलडवास में स्थित ठाकुरजी मंदिर का 19 फरवरी रात में अज्ञात चोर कलश चुरा ले गए। करीब तीस वर्ष पूर्व चार तोला स्वर्ण पालिश युक्त कलश मंदिर पर चढाया था। कलश चोरी होने का पता चलने पर पुजारी कलडवास निवासी लोकेश पुत्र नारायणदास वैष्णव ने पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

जानवर के काटने से किसान की मौत

उदयपुर, (कासं)।शहर के नाई थाना क्षैत्र में खेत पर काम करते समय जहरीले जानवर के काटने से किसान की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार सांय नाई थानाक्षैत्र बूझड़ा गांव निवासी धर्मा पुत्र रूपा गमेती की खेत पर काम करते समय मौत हो गई। धर्मा को काम करते समय जहरीले जानवार ने काट खाया था। इसका पता चलने पर परिजन उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर अमीनलाल एएसआई ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

शव सौंपा

उदयपुर, (कासं)। झाड़ोल थानाक्षैत्र में कुए में मिली युवक की लाश का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनसर झाड़ोल थाना एएसआई दिनेशकुमार ने 19 फरवरी को कोचला गांव में कूए में मिली अज्ञात युवक की उसके पिता द्वारा शिनाख्त पारेवी झाड़ोल निवासी रोशन बोराणा (18) पुत्र चुन्नीलाल के रूप में करने पर उसका पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

स्थाई वारंटी गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। जिले के घांसा थाना पुलिस ने तीन वर्ष से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, सहायक पुलिस अधीक्षक मनिष कुमार के सुपरविजन में घासा थानाधिकारी प्रवीणसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए तीन वर्ष से फरार स्थाई वारंटी लक्ष्मणलाल निवासी माण्डुथल थाना घासा को गिरफ्तार किया।

फार्मर रजिस्ट्री शिविर का आयोजन

कपासन, (निसं)। उपखण्ड अधिकारी राजेश सुवालका द्वारा तहसील में ठाम पंचायत मुंगाना में 20फरवरी से प्रारंभ तीन दिवसीय शिविर का निरीक्षण किया गया। कृषक द्वारा खाद्य सुरक्षा में नाम हटने की भ्रान्तियाँ दूर कर शिविर में पुनः बुलाया गया। कुछ कृषकों के आधार से मोबाईल लिंक नहीं होने से एवं ओटीपी नहीं आने की समस्या के निदान के लिए बायोमेट्रिक फिन्गर प्रिन्ट स्केनर लगवाया गया।

गौ हत्या का मुख्य आरोपी और सहयोगी गिरफ्तार

बांसवाड़ा, (निसं)। कसारवाडी थाना पुलिस ने गौ हत्या के मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए मुख्य आरोपी एवं एक सहयोगी को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी नरेन्द्र सिंह ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली थी कि गांव गोयका बारिया ग्राम पंचायत जालिमपुरा में जैमा पुत्र केरहींग बारिया अपने खेत में गौवंश की हत्या कर मांस की कटिंग कर रहा है। जिस पर थानाधिकारी शक्तावत मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे और आरोपी जैमा के खेत के कुएं पर पहुंचे तो कुछ व्यक्ति खुले खेत में मांस के टुकडे कर रहे थे जो पुलिस जाप्ते को देखकर मौके से भागने लगे। पुलिस

■ **पुलिस ने मौके से गौमांस के टुकडे एवं अन्य अवशेष व प्रयुक्त हथियार जब्त किय**

ने पीछा किया तो उनमें से एक व्यक्ति पकडा गया अपना नाम रहेश बारिया होना बताया। जिस पर मौके पर ही रहेश को डिटेन किया गया तथा अन्य व्यक्ति रात्रि का समय व भौगोलिक स्थिति का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। पुलिस ने मौके से गौमांस के टुकडे एवं अन्य अवशेष व प्रयुक्त हथियार जब्त

कसारवाडी थाना पुलिस ने गौ हत्या का मुख्य आरोपी और सहयोगी गिरफ्तार किया।

किये। गिरफ्तार किये गये रहेश बारिया ने पूछताछ में बताया कि गाय की हत्या करने का मुख्य आरोपी जैमा व अन्य आरोपी रामसिंह है जो घटना के बाद से फरार हो गये थे। गठित की गयी टीम ने गुजरात व मध्यप्रदेश में दबिश दी। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने मुख्य आरोपी जैमा पुत्र केरहिंग व उसके साथी रामसिंह पुत्र हिरा बारिया निवासी गोयका बारिया को गुजरात से गिरफ्तार किया। ध्यान रहे कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एएसपी डॉ. राजेश भारद्वाज व वृत्ताधिकारी कुशलगढ श्यामसिंह चारण के मार्गदर्शन में थानाधिकारी नरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। टीम ने गुजरात से मुख्य आरोपी व उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में थानाधिकारी नरेन्द्र सिंह, सहायक उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, हैड कांस्टेबल दिव्यजीत सिंह, शांतिलाल व बदामीलाल, कांस्टेबल मदनलाल, दिनेशचंद्र, जनक व चालक कांस्टेबल कांतिलाल शामिल रहे।

दिव्यांगों को स्कूटी बांटी

राजसमंद, (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार की बजट घोषणा के अनुपालना में विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने शनिवार को जिला प्रशासन एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में 38 दिव्यांगजनों को जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना के तहत संबल प्रदान करने के लिए स्कूटी वितरित की। विधायक माहेश्वरी ने कहा कि प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के हितों के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की बजट घोषणा 2025-26 में प्रदेश के 1 लाख दिव्यांगजनों को 20 हजार रुपये तक के कृत्रिम अंग एवं उपकरण उपलब्ध करवाने की घोषणा की गई है, जो सरकार की दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक दीपेन्द्रसिंह शेखावत ने बताया कि विधायक ने38 दिव्यांगजनों को उपरना पहनाकर सम्मानित किया तथा उन्हें स्कूटी वितरित की। स्कूटी पाकर सभी चयनित दिव्यांगजनों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड पडी। इस अवसर पर दिव्यांगजनों ने दैनिक समस्याओं को साझा किया और बताया कि किस प्रकार बिना वाहन के उन्हें रोजमर्रा की गतिविधियों को करने और आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पडता है। उन्होंने कहा कि स्कूटी मिलने के बाद से दैनिक गतिविधियां सुगमता से संपन्न हो सकेंगी।

कांफ्रेंस का समापन

उदयपुर (कासं)। पेसिफिक विवि में 'इमर्जिंग टेक्नोलॉजी तथा इनोवेशन' विषय पर दो दिवसीय कांफ्रेंस का समापन शनिवार को हुआ ,जिसमे मुख्य अतिथि विवि के प्रेसिडेंट प्रो.हेमंत कोठारी ने तकनिक विकास एवं नवाचार के लिए युवा वैज्ञानिकों व शोधार्थियों का आव्हान किया।

कांफ्रेंस चेयरमेन प्रो. दिलेन्द्र हिरन ने बताया की यह सम्मेलन तकनीकी उन्नति और नवाचार के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा हैं जो वैश्विक नवाचार को नई दिशा देने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा । इस दौरान आयोजित पेनलरी सेशन मे ए.आई के माध्यम से शिक्षा की गुणवता सुधार मे विषयक पर चर्चा की गई । कांफ्रेंस की संयुक्त सचिव डॉ. दिव्या शेखावत ने कांफ्रेंस रिपोर्ट साझा करते हुए बताया की हाइब्रिड मोड पर आयोजित कांफ्रेंस में 144 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमे से 28 पोस्टर, 26 ओरल तथा 90 ने ऑनलाइन ओरल शोध-पत्रों प्रस्तुत किया।

हैंडी क्राफ्ट मार्केट, इलेक्ट्रॉनिक व ट्रैक्टर शोरूम सहित कई प्रतिष्ठान सीज

उदयपुर, (कासं)। नगर निगम ने बकाया नगरीय विकास कर को लेकर सख्ती बरतते हुए शनिवार को अवकाश के बावजूद एक के बाद एक कई बडे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को सीज कर दिया।

निगम आयुक्त राम प्रकाश ने बताया कि शनिवार को निगम टीम ने गोवर्धन विलास मेन रोड, सर्वऋतु विलास मोगरावाडी,दूधतलाई हैंडी ऋाफ्ट मार्केट,ग्लास फैक्टी सुंदरवास मेन रोड, टाउनहॉल लिंक रोड और एमबी कॉलेज के सामने कुम्हारों का भट्टा क्षेत्र में व्यावसायिक प्रतिष्ठान सीज किए। इनके मालिकों को नोटिस दिए थे, जिसे इन लोगों ने नजरअंदाज किया। इस पर आज राजस्व अधिकारी नितेश भटनागर और सहायक प्रशासनिक अधिकारी विनोद अग्रवाल के नेतृत्व में सीज की कारवाई की गई।निगम आयुक्त ने बताया कि गोवर्धन विलास मेन रोड पर प्रेम प्रकाश लबाना के तिरूपति ट्रैक्टर शोरूम का निगम में 2लाख 71 हजार 717 रूपए टैक्स बाकी है। इनका

■ **शनिवार की छुट्टी के बावजूद सुबह आठ बजे ही पहुंच गई नगर निगम की टीमें**

प्रतिष्ठान सीज किया गया। सर्वऋतु विलास मोगरावाडी कृष्णा ऋतु अपार्टमेंट व्यावसायिक ऑफिस का 3लाख ,26 हजार483 रूपए टैक्स बाकी है। रमेश कुमार पेहलवानी को नोटिस दिया, फिर भी टैक्स जमा नहीं करवाने पर आज सीज की कारवाई की गई।इसी प्रकार दूधतलाई के पास हैंडी ऋाफ्ट मार्केट सहित पांच दुकानों को सीज किया गया। इन प्रतिष्ठानों का निगम में 12 लाख06हजार 974 रूपए टैक्स बाकी है। निगम आयुक्त ने बताया कि गजेंद्र बसंल,मेवाड आर्ट को नोटिस दिया फिर भी टैक्स जमा नहीं करवाया।नगर निगम ऑफिस के ठीक पास टाउनहॉल लिंक रोड पर शिव इलेक्ट्रॉनिक का 2लाख 65हजार 278 रूपए टैक्स बाकी है। अशोक पाहुजा को नोटिस दिया फिर भी टैक्स जमा नहीं करवाने पर सीज की कारवाई की गई। एमबी कॉलेज के सामने सुजुकी शोरूम व्यावसायिक परिसर का 5लाख 45हजार 152 रूपए नगरीय विकास कर निगम में बाकी है। हरबंश कोर को नोटिस भी दियाए फिर भी टैक्स जमा नहीं करवाने पर इस परिसर को भी सीज कर दिया गया।ग्लास फैक्टी सुंदरवास मेन रोड पर गौरव प्लाईवुड व्यवसायिक प्रतिष्ठान का बकाया 1लाख 91हजार185 रूपए टैक्स जमा करवाने अशोक जैन,रंगलाल जैन को नोटिस दिया। टैक्स जमा नहीं करवाने पर प्रतिष्ठान को सीज किया गया।निगम ने आज सीज की कार्रवाई की इन लोगों का कुल 28 लाख रूपए से अधिक का नगरीय विकास कर वर्षों से निगम में बाकी चल रहा है। ये सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान चलाकर खुद रोजाना कमाई कर रहे है और निगम में टैक्स जमा करवाने का नाम ही नहीं ले रहे।

इंदिरा गांधी के विरूद्ध टिप्पणी का विरोध, कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

उदयपुर, (कासं)। विधानसभा में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को लेकर की गई असंसदीय टिप्पणी पर विपक्ष के नेता टीकाराम जूली और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के विरोध के बाद शनिवार को पीसीसी अध्यक्ष डोटासरा सहित हमारे छह विधायकों को सदन से निलंबित करने पर उदयपुर शहर एवं देहात जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष फतह सिंह राठौड व कचरूलाल चौधरी के संयुक्त नेतृत्व में भजनलाल सरकार के खिलाफ प्रदर्शन एवं मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता शिवशंकर मेनारिया ने बताया कि इस मौके पर शहर एवं देहात के कार्यकर्ताओं ने जिलाधीश कार्यालय के बाहर एकत्रित होकर सरकार के विरोध में जोरदार नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल का पुतला फूंका सभी की यह मांग थी कि जिस मंत्री द्वारा इंदिरा के विरुद्ध टिप्पणी की गई वह माफी मांगे और कांग्रेस पार्टी के जिन 6 विधायकों का निलंबन किया गया है उसे तुरंत प्रभाव से निरस्त किया जावे।

शहर जिला अध्यक्ष फतह सिंह राठौड ने कहा कि राजस्थान सरकार हठधर्मिता पर उतारू है एवं लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन करने वाले विधायकों का निलंबन करना एवं उनके मंत्री द्वारा हमारे सम्मानित नेताओं के खिलाफ असंसदीय टिप्पणी करना गरिमा के खिलाफ है मंत्री को माफी मांगनी होगी और सरकार को हमारे विधायकों का निलंबन खत्म करना होगा अन्यथा पूरे राजस्थान में कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता सडकों पर उतरेगा एवं सरकार का विरोध करेगा। देहात जिला अध्यक्ष कचरुलाल चौधरी ने कहा कि राजस्थान सरकार पर्ची से बनी हुई सरकार है जिनको गरिमा का ध्यान नहीं है।

राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा 27-28 को

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा-2024 का आयोजन 27 व 28 फरवरी को होगा। उदयपुर में 55 केन्द्रों पर तीन पारियों में यह परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली है। जिला कलक्टर नमित मेहता ने परीक्षा के सुचारू आयोजन को लेकर विभिन्न प्रभारी अधिकारी नियुक्त किये। साथ ही परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता और समयबद्ध ढंग से आयोजित कराने के निर्देश दिए हैं।

माय हॉस्पिटल-क्लीन हॉस्पिटल के तहत स्वच्छ व सुंदर बने अस्पताल

राजसमंद, (निसं)। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देशन में जिले के समस्त राजकीय चिकित्सालयों में शनिवार को माय हॉस्पिटल-क्लीन हॉस्पिटल अभियान का आयोजन हुआ। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हेमंत बिंदल, पीएमओ डॉ रमेश रजक सहित चिकित्सा महकमे के सभी अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि एक दिन अस्पतालों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के नाम किया जाए। खास बात यह रही कि अभियान के दौरान भी मरीजों के उपचार में कोई व्यवधान

■ **चिकित्सालयों में वर्षों पुराना कचरा हुआ साफ**

उत्पन्न नहीं होने दिया और सफाई कार्य जारी रहा। अभियान की सफल क्रियान्विति के लिए कलक्टर के निर्देश पर नगर परिषद, सभी नगर पालिकों, ग्राम पंचायतों ने अपने अपने क्षेत्र के राजकीय चिकित्सालय जैसे जिला चिकित्सालय, उप जिला चिकित्सालय, सीएचसी, पीएचसी, उप स्वास्थ्य केंद्र को सफाई कर्मी, नरेगा श्रमिक के साथ-साथ जेसीबी, ट्रेक्टर सहित अन्य संसाधन उपलब्ध कराए। यही नहीं, स्थानीय लोगों ने भी बढ-चढ कर

स्वच्छता अभियान का निरीक्षण करते जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा।

हिस्सा लिया और अपने नजदीकी अस्पताल में प्रशासन की अपील पर श्रमदान किया। जिला कलक्टर ने सुबह-सुबह नगर के किशोर नगर (मंडा) स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंच कर अभियान का आगाज किया। यहां सीएमएचओ, पीएमओ के साथ-साथ पीएचसी, डिस्पेंसरी के डॉक्टर्स, मेडिकल स्टाफ आदि भी उपस्थित थे। कलक्टर ने स्वयं मौजूद रहकर सफाई कार्य सुनिश्चित कराया। किशोर नगर पीएचसी में द्वार से प्रवेश करते ही वर्षों से जो कचरे का ढेर पडा था, वह एक दिन में ही साफ हो गया। पहली बार यहां इस तरह की सफाई होने पर आस-पास के लोग भी जमा हो गए और प्रशासन का आभार जताया। आमजन ने भी कलक्टर को आश्वस्त किया कि यहां गंदगी नहीं फैलने देंगे और सफाई में सहयोग करेंगे। कलक्टर ने अस्पताल परिसर का जायजा लेकर ओपीडी रूम, आईपीडी, निःशुल्क जांच, दवा सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। कलक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में जहां भी चिकित्सालयों में मरम्मत, सुधार, सौंदर्यीकरण की आवश्यकता हो वहां आरएमआरएस से कार्य कराए जाएं। दिनभर उन्होंने वॉट्सएप ग्रुप से अभियान की मॉनिटरिंग की।

सार-समाचार

विशेष पैनल चर्चा का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। अखिल भारतीय वरिष्ठ नागरिक महासंघ का22वां दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन22-23फरवरी2025को उदयपुर के मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण आयोजन की मेजबानी महाराणा प्रताप वरिष्ठ नागरिक संस्थान,उदयपुर द्वारा की जा रही है।22 को गीतांजली हॉस्पिटल द्वारा कार्यक्रम की पहल करते हुए पैनल डिस्कशन का आयोजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम के संयोजक गीतांजली हॉस्पिटल के हेड मार्केटिंग कल्पेश चंद रजबार रहे। कार्यक्रम के मोडेरेटर के रूप में बायोकेमिस्ट्री विभाग के एचओडी डॉ आशीष शर्मा रहे। पैनल डिस्कशन में गीतांजली हॉस्पिटल से टी.बी रेस्पिरेटरी मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ गौरव छाबड़ा व गीतांजली कैंसर सेंटर से रेडिएशन ओंकोलोजिस्ट डॉ रमेश पुरोहित शामिल रहे व अन्य हॉस्पिटल सेपेट,आंत लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ अंकुर सेठिया, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ सुमित वार्ष्णेय, जनरल फिजिशियन डॉ कल्पेश चौधरी, अस्थि एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ आशीष सिंघल शामिल रहे । पैनल डिस्कशन में लगभग2000वरिष्ठ नागरिकों प्रशोत्तरी सेशन में बढ़चढ़कर भाग लिया। इस प्रतिष्ठित आयोजन में अखिल भारतीय वरिष्ठ नागरिक महासंघ के अध्यक्ष वी. के. भदाने,महासचिव श्रीहरी शिधाये, विश्वविद्यालय विधि महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो. आनन्द पालीवाल, महाराणा प्रताप वरिष्ठ नागरिक संस्थान,उदयपुर के अध्यक्ष चोसरलाल कच्छारा और महासचिव भंवर सेठ सहित कईव्यक्ति शामिल हुए जिनके सम्पूर्ण सहयोग से पैनल डिस्कशन का सफल आयोजन किया गया।

'स्वच्छता को धरातल पर उतारने की आवश्यकता'

उदयपुर/बांसवाडा, (कासं)। देश के प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ भारत मिशन को समझने की आवश्यकता है, इसका हमारे जीवन में बहुत बडा महत्व है तथा इसकी उपयोगिता को समझने की आवश्यकता है। यह उदगार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण राजस्थान सरकार प्रदेश समन्वयक और नगर परिषद बांसवाडा के लिए नियुक्त न्याय मित्र के के गुप्ता ने व्यक्त किए हैं। उन्होंने कहा कि आज हम देख रहे है कि सरकार द्वारा ''आयुष्मान बीमा योजना'' में अरबों रूपया ईलाज फ्री करने में खर्च हो रहा है अगर हम शहर, ग्राम, ढाणी, गली, मौहल्लों को स्वच्छ बना लेंगे तो जो बीमारियां गंदगी में पाये जाने वाले कीटाणुओं से होती है वह काफी हद तक समाप्त हो जाएगी जिनमे उल्टी, दस्त, टाईफाईड, डेगूं, बुखार, मलेरियां जैसी प्रमुख बीमारियां है। गुप्ता ने कहा कि, आज आवश्यकता स्वच्छता को धरातल पर उतारने की है मुझे न्यायालय द्वारा ''न्यायमित्र''बांसवाड़ा में स्वच्छता के लिए नियुक्त किया गया है मेरे द्वारा 17 व 18 फरवरी को सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक ली गई थी। जिला प्रशासन, नगर परिषद् प्रशासक, नगर परिषद आयुक्त, नगर परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारी, सीवरेज से जुडे अधिकारी एवं कर्मचारी सहित सभी समाजों के प्रतिनिधियों के साथ बैठके कर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये है।

डॉ सुरेश चंद्र मीणा पीएमओ नियुक्त

भीम, (निसं)। निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग राजस्थान के आदेश से डॉ सुरेशचंद्र मीना वरिष्ठ विशेषज्ञ मेडिसिन को उप जिला चिकित्सालय भीम का प्रमुख चिकित्सा अधिकारी का प्रभार सौंपा गया । नवनियुक्त पीएमओ का भीम के गणमान्य नागरिक एवं विधायक प्रतिनिधि रणजीत सिंह एवं अस्पताल स्टाफ के द्वारा डॉ सुरेश जी का स्वागत किया गया। नवनियुक्त पीएमओ डॉ मीना ने अस्पताल की व्यवस्थाएं सुधारने का भरोसा दिलाया। ओपीडी में चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने, शिशु रोग विशेषज्ञ की सेवाएं शुरू करने को कहा साथ ही मरीजों को बाहर की दवाइयां लिखने वाले चिकित्सकों पाबंद करने का भरोसा दिलाया। जनहित एवं मरीजों के हित में अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर महेंद्रसिंह, भगवानसिंह , ,कुंज बिहारी पूर्व नर्सिंग इंचार्ज, सुदर्शनव्यास नर्सिंग इंचार्ज,नर्सिंग ऑफिसर मनीष जोशी, देवेंद्रसिंह भगवान सिंह हॉस्पिटल स्टाफ उपस्थित रहे।

प्रभारी सचिव राठौड़ ने ली बैठक

बांसवाड़ा, (निसं)। जिले के प्रभारी सचिव, जनजाति क्षेत्रीय विकास आयुक्त शक्तिसिंह राठौड ने बजट घोषणाओं के समयबद्ध एवं बेहतर क्रियान्वयन के लिए त्वरित गति और पूरी-पूरी गुणवत्ता से दायित्व निभाने के निर्देश दिए हैं। प्रभारी सचिव राठौड कलक्ट्री सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप बजट घोषणाओं को समय पर पूर्ण करें और इस वर्ष की बजट घोषणाओं के अनुसार आवश्यकता के अनुरूप भूमि चिह्निकरण एवं आवंटन से जुडी गतिविधियों को तत्परता से पूर्ण करने के साथ ही वर्ष 2024-25 की बजट घोषणाओं को निर्धारित समयावधि में मूर्त रूप प्रदान करने के लिए गंभीरता से काम करें। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों से अब तक की प्रगति की जानकारी ली और निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन को प्राथमिकता से लिया है और इस पर प्रदेश स्तर से भी नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। बैठक में जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव, जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश बसेर, उपवन सरंक्षक अभिषेक शर्मा, टीएडी की परियोजना अधिकारी अरुणा डिन्डोर, जिला खेल अधिकारी धनेश्वर मईडा, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. दिलीप सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एचएल ताबियार, बिजली विभाग के अधीक्षण अभियनता भगवान दास, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता मथुरादास मीणा, अधिशासी अभियन्ता अनिल चरपोटा, नगर परिषद के सहायक अभियन्ता संजय फीलिप, जलदाय विभाग के अधिशासी अभियन्ता कल्पेश लोहार, महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी नेहा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

साइबर क्राइम की जानकारी दी

राजसमंद, (निसं)। जिला मुख्यालय के समीपवर्ती राउमावि मोही में राजस्थान नॉलेज कॉरपोरेशन जयपुर व लोहिया कंप्यूटर कांकरोली की ओर से डिजिटल साक्षरता व साइबर क्राईम की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय युवा अवार्डी गुलाब सालवी ने कहा कि कंप्यूटर का ज्ञान आज के युग में बहुत जरूरी है, बिना ज्ञान के हम अधूरे है। आज-कल साइबर अपराधी अनेक तरह से फ्रोड कर रहे है, कभी रिश्तेदारों के नाम से कॉल करते है तो कभी एटीएम ब्लॉक हो गया है कहकर लोगो को ठग कर रहे हैं। यहां तक कि आप का ब्याज बकाया है, कहकर भी ऑनलाइन फ्रोड कर रहे हैं। हमें डिजिटल ज्ञान होना बहुत जरूरी हैं। संस्था के हिमांशुसिंह ने बताया विद्यार्थी अपने परिवार में जाकर बताए की अगर इस तरह के कॉल आते है जो की फ्रोड होते है तो ओटीपी नहीं बताना है। जागरूकता से ही हम बच सकते हैं। डिजिटल साक्षर कार्य